तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 14 अगस्त 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 अतिक्रमण से शहर बेहाल यातायात भगवान भरोसे












## मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के स्कूल में हुई नियुक्ति

# चार सालों से एक साथ दो राज्य के दो स्कूलों में सेवाएं दे रहा अतिथि शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**

- चार सालों से चल रहा फर्जीवाड़ा

सीमावर्ती ग्राम मकरोहर निवासी एक युवक मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के दो शासकीय विद्यालयों में एक साथ अतिथि शिक्षक की भूमिका का निर्वहन कर रहा है। ग्रामीणों द्वारा किए गए इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद संबंधित प्राचार्यों में हड़कम्प मच गया है।

ग्राम मकरोहर मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले का अंतिम गांव है तथा बिहारपुर से सटा है। ग्राम मकरोहर के ग्रामीण अपनी दैनिक जरूरतों के सामानों की खरीदी करने प्रायः बिहारपुर आते हैं।

मकरोहर निवासी राजेश कुमार वैश्य आ. कृष्ण कुमार वैश्य ने अपनी पहुँच से ग्राम मकरोहर के साथ ही छत्तीसगढ़ के बिहारपुर तहसील का निवास प्रमाण पत्र हासिल कर लिया है तथा पिछले चार सालों से एक साथ ग्राम मकरोहर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बिहारपुर स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में अतिथि शिक्षक की भूमिका निभा रहा है। ग्राम मकरोहर स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल का संचालन सुबह 10.30 से 4 बजे तक होता है वहीं बिहारपुर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन दो पालियों में होता है।




स्वामी आत्मानंद स्कूल।

प्रथम पाली में सुबह 8.0 से 12 बजे तक युवक अपनी सेवाएं देता है। ग्रामीणों का कहना है कि वह सुबह 8 बजे स्वामी आत्मानंद स्कूल में उपस्थित होता है तथा दोपहर ग्राम मकरोहर स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में उपस्थित होता है तथा उपस्थिति पंजी में अपनी हाजिरी भी दर्ज करता है। स्थानीय होने के कारण प्राचार्य सहित स्कूल के अन्य शिक्षक चुप्पी साधे रहते हैं। अतिथि शिक्षक की मनमानी से परेशान ग्रामीण जब शिक्षक के पीछे लगे तो इस बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इस संबंध में हायर सेकेण्डरी स्कूल मकरोहर के प्रभारी प्राचार्य सतीश मिश्रा ने बताया कि राजेश कुमार वैश्य वर्ष 2020-21 से अतिथि शिक्षक के पद पर पदस्थ है। नियमित उपस्थिति को लेकर उससे आए दिन विवाद होता है। स्थानीय होने के कारण वह तरह-तरह से सभी को परेशान करता है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य श्री राठौर ने बताया कि जिला स्तरीय समिति द्वारा अतिथि शिक्षक के पद पर राजेश कुमार वैश्य आ. कृष्ण कुमार वैश्य का चयन किया था। समिति के आदेश पर युवक को ज्वाइनिंग दी गई है। वह नियमित विद्यालय में उपस्थित हो रहा है। इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजू कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कुछ स्पष्ट जानकारी दे सकती हैं। वैसे प्राचार्य की अनुमति से अतिथि व्याख्याता दो स्कूलों में पढ़ा सकता है। इसको लेकर आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

### होगी कार्रवाई

मुझे आपसे ही यह जानकारी मिली है। मामले की तत्काल जांच कराने के साथ ही अतिथि शिक्षक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय वर्मा
डीईओ, सूरजपुर

# बाइक चलाते समय युवक को आया हार्टअटैक, गिरकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रिंग रोड पर हुई घटना, सीसीटीवी वीडियो आया सामने

अंबिकापुर। बुधवार की दोपहर बाइक चलाते समय युवक को हार्टअटैक आ गया। हार्टअटैक आने के बाद युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने किसी तरह ऑटो में युवक को अस्पताल पहुंचया ।इस घटना का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है।

बता दें कि देश भर में युवाओं में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और कभी जिम तो कभी डांस करते समय लोगों की हार्ट अटैक से मौत के वीडियो सामने आते रहते हैं। इस बीच बुधवार को शहर के रिंग रोड में भी एक युवक की हार्टअटैक से मौत का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि मूलतः बतौली गोविन्दपुर निवासी 37 वर्षीय सिविल तिर्की आ. सुबेलाल तिर्की बिशप हाउस में रहकर माली का काम करता था। युवक अपनी बाइक से किसी काम से बुधवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इस दौरान अचानक ही युवक की बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे गिर गया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें सपष्ट नजर आ रहा है कि अचानक युवक अपनी बाइक को संभालने का प्रयास कर रहा है लेकिन वह रिंग रोड मंजूषा अकेडमी के पास जमीन पर गिर गया। युवक पीठ के बल जमीन पर गिरा था।



घटना स्थल मौजूद लोगों की भीड़।

### एक घंटे तक नहीं पहुंची एंबुलेंस

बताया जा रहा है कि युवक हार्टअटैक आने से जमीन पर गिरा था। इस दौरान वह पीठ के बल गिरा जिससे उसके सिर में भी चोट आई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन कर घटना की सूचना दी लेकिन सूचना मिलने के एक घंटे बाद भी एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची जिसके बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो में युवक को मिशन अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं लोगों का कहना है कि घटना के बाद युवक की सांस चल रही थी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस की टीम भी पहुंची थी लेकिन पुलिस अधिकारी भी सिर्फ मौके पर मौजूद एक कार और मृतक की बाइक का नम्बर नोट करने के बाद वापस गए, चाहती तो पुलिस भी अपने वाहन से युवक को अस्पताल पहुंचा सकती थी।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

सरगुजा में हार्टअटैक से मौत का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी 2 मई की रात नवापारा निवासी युवा व्यवसायी 35 वर्षीय इन्द्रजीत सिंह बाबरा की हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई थी। युवक किसी काम से घर से निकला और संगम चौक के पास रुका। जब युवक अपनी स्कूटी को स्टार्ट कर रहे था तो उन्हें हार्ट अटैक आ गया था और वे सड़क पर गिर गया। देर रात उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। इसके साथ ही 7 अगस्त को बतौली लिंक कोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचे सेवा निवृत्त शिक्षक ग्राम सरमना निवासी 70 वर्षीय सहदेव पैकरा आ. भद्र पैकरा भी हार्ट अटैक आने से बेहोश हो गए और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** जगरनाथपुर गोहगड नाला के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मायापुर 2 निवासी देवचंद पैकरा आ. शिवचरण पैकरा (45 वर्ष) सोमवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 3046 से ग्राम गोटगवां टिकरा बहरा रिश्तेदार के यहां गया था। दोपहर को रिश्तेदार के यहां से वापस घर लौट रहा था और जैसे ही जगन्नाथपुर गोहगड नाला के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट परिजन ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई है।

### खबर संक्षेप

## आईटीआई रामानुजगंज में प्रवेश हेतु पंजीयन 16 तक

**बलरामपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रामानुजगंज के प्राचार्य ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संचालित व्यवसायों- कोपा एवं मैकेनिक डीजल में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीयन प्रक्रिया 13 से 16 अगस्त तक होना है। प्रवेश के लिये इच्छुक आवेदक 16 अगस्त रात्रि 11.59 बजे तक वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट एडमिशन डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित सभी दिशा-निर्देश और नियम वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में दिये गये हैं।




## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव पर पौधरोपण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में वन विभाग के द्वारा एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत डोहड़ा भवन के समीप लगभग 1 हेक्टेयर क्षेत्र में कलेक्टर कोरिया, जिला पुलिस अधीक्षक, वन मंडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनपद अध्यक्ष, सरपंच ग्राम पंचायत डोहड़ा के ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के गरिमामयी उपस्थिति में पौधरोपण कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधरोपण किया गया, इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। छग शासन के उक्त महत्वाकांक्षी योजना के विषय में स्थानीय ग्रामीणों को पौधरोपण पश्चात उसका संरक्षण एवं सुरक्षा के संबंध में बताया गया। उक्त योजनांतर्गत कोरिया वनमंडल बैकुंठपुर में लक्ष्य अनुरूप आज तक लगभग 22500 पौधों का वितरण किया गया है।

### राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर विशेष आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पुस्तकालय के महत्व और ज्ञान के प्रसार में उसकी भूमिका पर विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में डॉ.एसआर रंगनाथन के योगदान को याद किया गया, जिन्हें भारत में पुस्तकालय विज्ञान का जनक माना जाता है। विद्यालय की छात्रा शैली जायसवाल ने मंच से सभी को नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग करने और पढ़ने की आदत को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की पुस्तकपाल श्रीमती पूजा सिंदवानी ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति प्रेम और ज्ञानार्जन की निरंतर प्रक्रिया को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कक्षा सातवीं की छात्रा आराध्या सिंह ने आज के विशेष दिन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि पुस्तकालय विद्यार्थियों और आम पाठकों दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी हैं। पुस्तकालय में विज्ञान, साहित्य, इतिहास, कला और अन्य विषयों की हजारों पुस्तकें मौजूद रहती हैं, जो विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को नई जानकारियां देती हैं।

### पत्रकार कल्याण परिषद की कार्यकारिणी घोषित

**अनूपपुर।** जिले के पत्रकारों के लिए बुधवार का दिन उत्साह और सम्मान से भरा रहा, जब पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई अनूपपुर की नई कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई। यह घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदांती त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा और संभागीय अध्यक्ष विजय प्रकाश गौतम के निर्देशन एवं सहमति से जिला अध्यक्ष मृगेन्द्र सिंह ने की।

### युवाओं के रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन की प्रक्रिया

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 12 अगस्त को जिला रोजगार कार्यालय में शिक्षित बेरोजगारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र के नियोजक मेसर्स सीजी स्कील फाउंडेशन, नामदागीरी रोड़, वार्ड नंबर -4, जिला सुरजपुर में उपस्थित रहे। नियोजक द्वारा प्रोडक्शन सहायक पदों पर भर्ती की कार्रवाई की गई। कैम्प में लगभग 79 आवेदकों का पंजीयन किया गया।

मिनी स्टेडियम में कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण, पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि

# स्वतंत्रता दिवस की फाइनल रिहर्सल


परेड का निरीक्षण करते कलेक्टर-एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

79 वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के लिए 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे की मौजूदगी में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में अपर कलेक्टर डीडी मांडवी रहे। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित होगा, जहां मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बिलासपुर विधानसभा के विधायक अमर अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे।

अंतिम रिहर्सल में मुख्य समारोह के अनुरूप मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अभ्यास किया गया, तथा स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने मुख्य मंच की साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, साउंड सिस्टम को ठीक करने तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अच्छी तैयारी करने के निर्देश स्कूल के सांस्कृतिक प्रभारियों को दिए। अंतिम रिहर्सल में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।



### एमसीबी में विधायक रेणुका सिंह करेंगी ध्वजारोहण

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह का आयोजन होगा, जहां भरतपुर-सोनहत विधानसभा की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगी। ध्वजारोहण के साथ ही मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया जाएगा। इस संदेश में राज्य के विकास, जनकल्याण, एकता और सद्भाव की भावना को और मजबूत करने का आह्वान होगा। समारोह में जिले के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं और काफी संख्या में नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम का संचालन राज्य शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा और आयोजन संबंधी व्यवस्थाएं मुख्य अतिथि के परामर्श एवं जिला प्रशासन के समन्वय से तय होंगी। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अतिथि सत्कार की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंपी गई है।

## अंतिम रिहर्सल में कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा



स्वतंत्रता दिवस समारोह की भव्य तैयारियों को लेकर बुधवार को आमाखेरवा ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम रिहर्सल का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर विनायक शर्मा उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत मिनट-टू-मिनट अभ्यास किया गया। इसमें सभी गतिविधियों की क्रमवार समीक्षा की गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मुख्य समारोह के लिए बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बैरिकेट्स, सुरक्षा प्रबंध, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन स्थल और अन्य तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# अतिक्रमण से शहर बेहाल यातायात भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- जैन मंदिर चौक में रोजाना जाम, पुलिस बल की भारी कमी

जिला बनने के बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पाया है। शहर के अधिकांश चौक-चौराहे अतिक्रमण का शिकार हैं, जिससे लोगों को रोजाना भारी परेशानी होती है।

प्रशासन की अनदेखी के चलते जाम लगना आम बात हो गई है। सबसे अधिक समस्या जैन मंदिर चौक पर देखने को मिलती है, जो शहर का प्रमुख मार्ग है। यहां सड़क पर खड़े ठेले, दुकानों का फैलाव और खरीदारी करने आए लोगों के बीच सड़क में ही वाहन खड़ा कर देने की प्रवृत्ति ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमराया दिया है। जैन मंदिर चौक से स्कूल की ओर जाने वाला मार्ग भी बेहद संकरा है, जिससे स्कूली बच्चों और आम लोगों को रोजाना घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है।

**जाम के मुख्य कारण**

सड़क पर ठेले और फैली दुकानें, बीच सड़क में पार्किंग, संकरे मार्ग पर भीड़ यातायात थाना और आरक्षक का अभाव, पुलिस बल की भारी कमी, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का न होना, जिला मुख्यालय में अब तक यातायात थाना तक नहीं खुला है और न ही एक भी यातायात आरक्षक की नियुक्ति हुई है। सिटी कोतवाली में पहले से ही पुलिस बल की भारी कमी है, ऐसे में यातायात व्यवस्था कौन संभाले यह बड़ा सवाल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में समस्या और विकराल हो जाएगी।

### कार्मिक प्रबंधक का स्थानांतरण, चिरमिरी में सम्मान समारोह



**डोमनहिल।** चिरमिरी ओपन कास्ट स्टाफ एवं क्लर्क ग्रेड-वन में पदोन्नत लिपिकों के संयुक्त तत्वावधान में कार्मिक प्रबंधक एसबी टेटे के पदोन्नति उपरांत महानदी कोलफील्ड में स्थानांतरण होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के खान प्रबंधक संतोष कुमार, नवनियुक्त कार्मिक प्रबंधक योगेन्द्र सिंह, महेन्द्र यादव और मलय बोस सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ एचएमएस श्रम संगठन के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय वेलफेयर कमेटी सदस्य देवेन्द्र नाथ शर्मा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने श्री टेटे के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने श्रमिक प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच उत्कृष्ट समन्वय स्थापित किया और उग्र प्रदर्शनों को भी सहजता से सुलझाया।

# राजवाड़े नर्सिंग के विद्यार्थियों ने चलाया नशामुक्ति अभियान



**बैकुण्ठपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 13 अगस्त को राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने जिला अस्पताल बैकुंठपुर में लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बताया कि 1 से 31 अगस्त तक पूरे देश में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाता है, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के सेवन को रोकने, लोगों को शिक्षित करने, परामर्श, उपचार और पुनर्वास के जरिए समाज को नशे से मुक्त करना है। विद्यार्थियों ने नशीली दवाओं के बढ़ते दुष्प्रभावों युवा पीढ़ी पर असर, अपराध दर में वृद्धि, मानसिक स्वास्थ्य संकट, पारिवारिक टूटन और सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षकों के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में कु. कृपा, पूजा, नूर, इवेंजलिन, सविता, महिमा, संजना, रोशनी, पलक, बबीता, आशा और आफरीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, नुक्कड़ नाटक में कु. मातेश्वरी, आफरीन, आंचल, अंजली, राजेश्वरी, चांदनी, प्रियल, दीपा, वर्षा, तानिया, मायामती, भूमिका, जूही, खुशबू, सत्यम, आकाश आदि ने प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया।

# चितवन फार्म हाउस लोगों को दे रहा प्रकृति के बीच रहने का अहसास

बिजनेस प्लस




**बिलासपुर।** गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट द्वारा चितवन फार्म की नई सौगात शहरवासियों को दे रहा है। जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सके। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है। नेशनल रोड से जुड़ा होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है।

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना-पहचाना और विश्वनीय नाम बन चुका है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरूआत की जा रही है। जहां योगा, मेडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। 24 घंटे वाटर सप्लाई और बिजली व्यवस्था रखी गई है। साथ ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म का एंट्री गेट भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस हैं, जो पूरी तरह टी एण्ड सी एप्रूव्ड है।

### नपा ने तत्परता से चलाया सफाई अभियान

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में लंबे समय से नालियों और सड़कों पर गंदगी व कचरे का ढेर जमा होने से वार्डवासी परेशान थे। बरसात के मौसम में नालियां जाम होने से पानी सड़कों और घरों में भरने लगा था, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने कई बार पार्षद और सफाई कर्मियों को शिकायत की, लेकिन सफाई कार्य नहीं हुआ। स्थिति बिगड़ने पर मामला नगर पालिका प्रशासन के संज्ञान में लाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व और सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल की निगरानी में कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। चरचा क्षेत्र के साथ-साथ बस स्टैंड, ग्राम सरडी और ग्राम खरवत में भी कचरा हटाया गया।







# नशा मुक्ति रैली और नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश




**बैकुण्ठपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 13 अगस्त को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की छात्राओं ने नशामुक्ति रैली निकाली। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में लगभग 308 छात्राओं ने भाग लिया। रैली तलवापारा स्थित महाविद्यालय से शुरू होकर राष्टीय राजमार्ग 43, ओड़गी नाका, कुमार चौक, फव्वारा चौक और जिला चिकित्सालय होते हुए पुलिस लाइन बैकुंठपुर तक पहुंची। पुलिस लाइन में लल्ली, सुहानो, पूजा देवांगन, रोशनी राजवाड़े, पूजा राजवाड़े, आरती कुजूर, निशा बखला, श्वेता सिंह समेत 14 छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभावों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय नारा लेखन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा पुष्पा ने प्रथम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आकांक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
















### नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के नशामुक्त भारत अभियान के तहत अग्रणी महाविद्यालय बैकुंठपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कलेक्टर कोरिया के मार्गदर्शन, प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर के संरक्षण और समाज कल्याण विभाग के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में पहले दिन निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता हुई।









## खबर संक्षेप



### संत हरकेवल कॉलेज में मूल्यवर्धन पाठ्यक्रम के तहत दी गई जानकारी

**अंबिकापुर।** संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में दस दिवसीय मूल्यवर्धन पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के समापन पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली गई। मूल्यवर्धन कक्षाओं के दौरान बदलते परिवेश में युवाओं का पथ प्रदर्शन विषय पर गायत्री परिवार के वक्ताओं ने युवाओं को जानकारी प्रदान की। युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य, आत्म चिंतन की भूमिका और डिजिटल युग की चुनौतियों पर चर्चा के दौरान मोबाइल के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। युवाओं को नशा मुक्त समाज निर्माण, पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे गये। इस दौरान शिक्षक के रूप में श्रीमती सरस्वती तिवारी, श्रीमती सुधा चौधरी, श्रीमती वीणा गुप्ता, श्रीमती अंजना तिवारी, श्रीमती लक्ष्मी सिंह, श्रीमती अमृता जायसवाल, श्रीमती शांति सिंह, सुश्री शैली पांडे, श्रीमती पूनम जायसवाल, लालचंद राजवाड़े, ओमकार पांडे, अभय जायसवाल, प्रदीप शर्मा, श्रीमती सुनील सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं अंतिम दिन हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली गई। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अंजन सिंह, सहायक प्राध्यापक सुमन पांडे, पूजा दुबे, डॉ. रानी पांडे, चंदा सिंह, नीरु त्रिपाठी, श्वेता तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत छात्राओं के बीच हुई प्रतियोगिता



**अंबिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बंसत मिंज के नेतृत्व में कन्या उमावि दरिमा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें बालिकाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं विभिन्न प्रकार के खेल व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं ने बहुत उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़ कर प्रतियोगिता में भाग लिया। विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कुराश, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, लंगड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागीय जानकारी के अंतर्गत लैंगिक समानता, मासिक स्वच्छता, साइबर क्राइम, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, जानकारी दी गई। सभी खेल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को नामांकित किया गया व उन्हें 5 सितंबर को मिशन शक्ति की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान जिला-समन्वयक श्रीमती नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता समन्वयक नेहा सिंह, स्कूल की प्राचार्य मालती साक्य एवं समस्त शिक्षक एवं शाला की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एसईसीएल में हुई 20 कर्मियों की हुई विभागीय पदोन्नति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र ने अपने कर्मियों के लिए श्रमशक्ति बजट 2024-25 के तहत विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर 16 लिपिक ग्रेड- दो कर्मचारियों को पदोन्नत कर लिपिक ग्रेड-वन बनाया है।इसी तरह चार हेड चेनमैन को तकनीकी एवं पर्यवेक्षी श्रेणी ई से पदोन्नत कर वरिष्ठ हेड चेनमैन श्रेणी डी पर नियुक्त किया गया है, जारी आदेश में पदोन्नत कर्मचारियों में विनोद कुमार यादव अमेरा सहक्षेत्र,अमर विजय सिंह – अमेरा सहक्षेत्र, संजय कुमार पांडेय बिश्रामपुर ओसीएम,गोपाल शर्मा रेहर भूमिगत खदान,लोक कुमारी अमेरा सहक्षेत्र, आदमानी तिर्की एसटी–ऑन मेरिट क्षेत्रीय मुख्यालय, बिश्रामपुर,अभिषेक रंजन रेहर-गायत्री- केतकी सहक्षेत्र, अजीत कुमार यादव बिश्रामपुर ओसीएम,जया कुमारी क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान,रवि प्रकाश ओझा गायत्री भूमिगत खदान,विवेक यादव रेहर भूमिगत खदान,आताशी दास क्षेत्रीय मुख्यालय बिश्रामपुर, मोनिका बारा एसटी ऑन मेरिट क्षेत्रीय मुख्यालय बिश्रामपुर,सुनील सिन्हा आमगांव ओसीपी,अनिल कुमार यादव आमगांव ओसीपी,दिनेश कुमार साहू आमगांव के नाम शामिल हैं,इसके अलावा चार हेड चेनमैन को तकनीकी एवं पर्यवेक्षी श्रेणी ई से पदोन्नत कर वरिष्ठ हेड चेनमैन श्रेणी डी पर नियुक्ति दी गई है जिसमें पुरुषोत्तम राम गायत्री भूमिगत खदान,देवेन्द्र यादव रेहर भूमिगत खदान,सियाराम कुम्दा सहक्षेत्र,आनंद राम गायत्री भूमिगत खदान के नाम शामिल हैं।जारी आदेश के अनुसार सभी पदोन्नत कर्मचारियों को छह माह की परिवीक्षा अवधि में रखा जाएगा।इस दौरान उनके कार्य निष्पादन पर बारीकी से निगरानी की जाएगी।यदि प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया तो परिवीक्षा अवधि छह माह और बढ़ा दी जाएगी। इसके बाद भी कार्य निष्पादन में सुधार न होने पर उन्हें पूर्व पद पर वापस भेजा जाएगा।

## निधन

### शंभू शरण पांडेय



**बिश्रामपुर।** नगर के रेलवे कॉलोनी निवासी रेलकर्मी शंभू शरण पांडेय पिता श्रीकांत पांडेय 38 वर्ष का बुधवार को हृदयाघात से निधन हो गया। शंभू शरण पांडेय ट्रैक मेंटेनर ग्रेड 3 पद पर कार्यरत थे। बुधवार को उनकी ड्यूटी बिजुरी में लगी हुई थी, प्रातःबिजुरी जाने के लिए वह अपने क्वार्टर से बिश्रामपुर स्टेशन में जबलपुर ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में उन्हें घबराहट महसूस हुई। उन्होंने परिजन को इसकी सूचना दी जिसके बाद परिजन और सहकर्मी उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर लेकर पहुंचे। जहां जांच उपरांत चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे पर रेल प्रबंधन द्वारा दाह संस्कार के लिए परिजनों को पंद्रह हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है।

---

### प्रथम चरण में 28 लोगों के विरुद्ध बेदखली आदेश जारी

# कम्पनी आवासों व अतिक्रमणकारियों से कब्जा खाली कराने एसईसीएल प्रबंधन ने कराई मुनादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**
- कब्जा खाली कराने की बनाई गई है सूची

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करीब 3200 आवासीय क्वार्टरों में से करीब 500 मकानों पर वर्षों से जमे अवैध कब्जाधारियों एवं अधिग्रहित भूमि पर काबिज लोगों को बेदखल करने के लिए एसईसीएल प्रबंधन ने कड़ा रुख अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।ज्यादातर कम्पनी आवासों में गैर कॉलरी कर्मी निवासरत हैं जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी,शिक्षाकर्मी,राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से कई लोगों ने सूरजपुर कलेक्टर कार्यालय से क्वाटर भी एलॉट करा रखा है।

प्रबंधन के अनुसार कम्पनी आवासों के अलावा कॉलोनीयों की गली, मोहल्ले एवं मुख्य बाजार शिवनन्दनपुर की उत्तर दिशा स्थित दुकाने जिसमें गुरुद्वारा गली,इतवारी गली भी शामिल है,इसमें मंगलवार को ऑटो रिक्शा घुमाकर मुनादी कराकर कार्यवाही करने की चेतावनी जारी की गई है।ऑटो रिक्शा घुमाकर कराई गई मुनादी में सुनाया गया कि अवैध कब्जा तत्काल खाली करें,अन्यथा बलपूर्वक हटाया जाएगा,साथ ही कालोनियों में चल रहे सभी अवैध निर्माण कार्यों पर भी तत्काल रोक लगाने का आदेश भी सार्वजनिक रूप से सुनाया गया है।मुनादी की आवाज के साथ ही कई घरों में घबराहट का माहौल देखने को मिला।गौरतलब है कि बरसात के इन दिनों में जब लोग अपने घरों की छत टपकने या पानी भरने की चिंता में रहते हैं। ऐसे समय में आवास का छत छिन जाने का खतरा स्थानीय लोगों को बेचैन कर रहा है।बता दें कि एसईसीएल प्रबंधन ने करीब 8 सालों पूर्व सन 2016-17 में अवैध कब्जाधारियों को पहले भी कई बार नोटिस जारी किए थे,लेकिन कुछ समय के बाद मामला लंबित रह गया था और कार्यवाही रुकी हुई थी,अब कई साल गुजरने पश्चात पुनः बेदखली अभियान छिड़ जाने से अतिक्रमणकारीयों में हड़कंप मच गया है।



ऑटो से मुनादी कराता प्रबंधन।

#### नपं बिश्रामपुर का अस्तित्व संकट में, शिवनन्दनपुर नगर भी हो रहा प्रभावित

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा शुरू कराये जा रहे बेदखली अभियान से क्षेत्र की दो नगर पंचायत प्रभावित हो रही है, इसमें से नगर पंचायत बिश्रामपुर तो पहले से ही लगातार वोटरों की घटती संख्या के कारण अपने अस्तित्व को लेकर जूझ रही है,बता दें कि नगर पंचायत बिश्रामपुर का अधिकतम हिस्सा एसईसीएल की अधिग्रहित भूमि पर ही टिका हुआ है,जिसमें कई परिवार एसईसीएल बिश्रामपुर की अधिग्रहित भूमि पर वर्षों से निवासरत हैं एवं जो नगर पंचायत बिश्रामपुर के विभिन्न वार्डों के वोटर्स भी हैं,इसमें अलग अलग मोहल्लों में बसी झुग्गी झोपड़ी भी शामिल हैं,बेदखली कार्यवाही होने से नगर पंचायत बिश्रामपुर का अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा,इसी प्रकार नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के चार से पांच वार्ड बेदखली अभियान से प्रभावित होने का अनुमान है।

#### स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पूर्व मुनादी कराए जाने से जनप्रतिनिधियों में रोष

एक तरफ नगर पंचायत बिश्रामपुर एवं शिवनन्दनपुर के जनप्रतिनिधि आम नागरिकों के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं,इसके ठीक बाद कृष्ण जन्माष्टमी व गणेश चतुर्थी क्षेत्र में मनाया जाना है, ऐसे में त्यौहारी सीजन में एसईसीएल द्वारा कराये जा रहे बेदखली सूचना मुनादी को क्षेत्र के लोगों ने अमानवीय करार दिया है,साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी एसईसीएल प्रबंधन के प्रति रोष व्याप्त है।

#### जिस जगह सीमांकन को लेकर विवाद बना हुआ है, वहां भी कराई गई मुनादी

दरअसल एनएच 43 के उत्तर दिशा में स्थित भूमि खसरा नंबर 478 एवं 108/1, राजस्व अभिलेखों में शिकारी सड़क मद एवं छोटे झाड़ का जंगल मद की भूमि में दर्ज है जो छतीसगढ़ शासन की भूमि है एवं जिसका क्षेत्रफल करीब 16 एकड़ भूमि दर्ज है,यहां पर एसईसीएल प्रबंधन एवं राज्य शासन के बीच सीमांकन को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है,कुछ दुकानदारों को नायब तहसीलदार पिलखा व सम्पदा अधिकारी दोनों के द्वारा अतिक्रमण के सम्बन्ध में नोटिस जारी किया जा चूका है,इस कारण से यहाँ स्थिति स्पष्ट नहीं है,इस विवादित जगह पर भी ऑटो रिक्शा घुमाकर तीन बार मुनादी कराई गई है जिससे स्थानीय दुकानदार व व्यापारीगण आक्रोशित हैं।

#### मुख्यालय द्वारा जारी सर्कुलर के परिपालन में की जा रही कार्रवाई

कम्पनी मुख्यालय द्वारा जारी सर्कुलर के परिपालन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। सर्वप्रथम कम्पनी आवासों को खाली कराने का काम किया जा रहा है। इसके बाद कम्पनी की भूमि पर काबिज मकानों और दुकानों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

-डॉ संजय सिंह, महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र

---



### जयनगर स्थित एनएच सड़क हुई जर्जर, लोगों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम जयनगर ओवरब्रिज समीप स्थित मुख्य मार्ग एनएच 43 की स्थिति काफी दयनीय हो गई है,यह व्यस्त मार्ग है जहां वाहन आम रफ़्तार से आसानी से गुजरते थे, लेकिन अब यह खस्ताहाल सड़क गढ्ढों, कीचड़ और पानी से भरे अस्थायी तालाबों में बदल चुकी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस जगह पर कुछ समय पहले ह्यूम पाइप के पुलिया को ठेकेदार द्वारा पिछले दिनों उखाड़कर फेंक दिया गया है,तब से यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

इसका नतीजा यह है कि बरसात के दिनों में यह पूरी सड़क एक दलदल में तब्दील हो जाती है। बड़े-बड़े गढ्ढों में भरे पानी ने सड़क की पहचान मिटा दी है।अब तो यह तय करना मुश्किल हो गया है कि यहां सड़क है या पानी से भरा खेत।गौरतलब है कि इस मार्ग से रोजाना जिले के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमले के अधिकारी गुजरते हैं,बावजूद इसके इस समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है।हर गुजरते दिन के साथ सड़क की हालत इतनी बिगड़ रही है,दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए यह जगह हादसे का ब्लैक स्पॉट बन रही है।बरसात में पानी से ढंके गढ्ढे अचानक वाहन का संतुलन बिगाड़ देते हैं,कई बार राहगीर पानी की गहराई का अंदाजा न लगाकर सीधे उसमें फंस जाते हैं, इसके अलावा सड़क की ऊबड़-खाबड़ सतह से निकलते पत्थर और मलबा न केवल वाहन के टायर फाड़ रहे हैं, बल्कि पैदल चलने वालों को भी चोटिल कर रहे हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि पिछले कई महीनों से इस समस्या को लेकर शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों में नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे और जिम्मेदार अधिकारियों का घेराव करेंगे।राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह की बदहाल स्थिति न केवल जिले की छवि धूमिल कर रही है,बल्कि आम जन की सुरक्षा को भी दांव पर लगा रही है।

---

### मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के विरोध में कैंडल मार्च आज

**अंबिकापुर।** लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों में भारी गड़बड़ी को लेकर किए गये खुलासे के बाद अब कांग्रेस पार्टी देशभर में आन्दोलन चलाएगी। इस आन्दोलन के तहत 14 अगस्त को देशभर के जिला मुख्यालयों में कैंडल मार्च निकाला जाएगा।

इस अभियान के दूसरे चरण में 22 अगस्त से 7 सितंबर तक सभी प्रमुख शहरों में रैलियों का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी दूसरे चरण के इस अभियान के लिए रैली निकालने के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों का चुनाव कर अलग से कार्यक्रम की घोषणा करेगी। आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इन रैलियों में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता अपनी सहभागिता देंगे। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पूरे देश से 5 करोड़ मतदाताओं के हस्ताक्षर कराकर हस्ताक्षर प्रपत्र जनादेश के रूप में राष्ट्रपति और चुनाव आयोग को सौपा जाएगा। यह हस्ताक्षर अभियान जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर किया जाएगा। जिला कांग्रेस आध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने बताया कि इस आंदोलन के प्रथम चरण के तहत जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा अम्बिकापुर में 14 अगस्त को कैंडिल मार्च निकलेगी। कैंडल मार्च छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सहप्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग और एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के नेतृत्व में निकली जाएगी।

### डॉ सोनी ने मेरा तिरंगा मेरा अभिमान के तहत मनाया अपना जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कलेक्ट्रेट में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हजारों लोगों की उपस्थिति में दो के सोनी ने मनाया जन्मदिन, जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन किया था साथ ही हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी व्यवस्था किया गया था। पूरे हनुमान मंदिर को तिरंगे से सजवाया गया इसके अलावा मंदिर परिसर में 40फिट ऊंची हनुमान जी का झंडा भी स्थापित किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वर्णकार वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राकेश सोनी, सरगुजा सीने आर्ट एसोसिएशन के सचिव राहुल पांडेय, जितेंद्र बिंदु, हैप्पी सोनी, शुभम सोनी, राजन यादव तथा काफी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग अधिवक्तागण, जिलाध्यक्ष कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा न्यायालय के कर्मचारी एवं मित्रगण उपस्थित हुए। उनके बीच केक काटकर एवं प्रसाद का वितरण का जन्मदिन मनाया गया

---

### पिकअप और ट्रक के बीच भिड़ंत, वाहन में फंसा चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- आधा दर्जन बकरियों की मौत

बुधवार को एनएच 130 पर पिकअप और मिनी ट्रक के बीच जोरदार भिडंत हो गई। इस दौरान पिकअप में लोड आधा दर्जन बकरियों की मौत हो गई। वहीं टक्कर के बाद पिकअप चालक वाहन में ही फंस गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बताया जा रहा है कि पिकअप क्रमांक यूपी 44 बीटी 8549 में उत्तर प्रदेश के फिजाबाद से बकरा बकरी लोड़कर चालक रायपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान 13 अगस्त की सुबह 7.30 बजे जैसे ही चालक एनेह्क 130 पर जुनाडीह राइसमिल के समीप पहुंचा रायपुर से तिल का तेललोड़कर बनारस जा रहे मिनी ट्रक क्रमांक यूपी 72 सीटी 4807 से भिडंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप मिनी ट्रक में फंस गया और पिकअप चालक भी बुरी तरह से वाहन में फंस गया था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद घयाल चालक यूपी सुल्तानपुर निवासी 47 वर्षीय इसरार आ. बरकत अली व एक अन्य युवक असलम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं इस टक्कर के कारण पिकअप में लोड लगभग आधा दर्जन बकरियों की भी मौत हो गई। पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को जब्त करने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी गई है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### रहबरी बनी न्यायिक कर्मचारी संघ की पहली महिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा सरगुजा के इतिहास में पहली बार एक महिला अध्यक्ष ने दायित्व संभाला है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रहबरी खानम रिजवी का शपथ ग्रहण मंगलवार को शाम मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित अधिवक्ता हाल में हुआ। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे। संघ की ओर से सभी कर्मचारियों रहबरी को बधाई दी है। रहबरी खानम ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों की कई समस्याएं होती हैं जिन्हें जिम्मेदारों तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। हम लोग न्यायिक क्षेत्र में कार्य करते हैं इसलिए कुछ समस्याओं को नहीं बता पाते, किंतु अब खुलकर समस्याएं जिम्मेदार पदाधिकारी तक पहुंचाई जाएगी ताकि समस्याओं को दूर किया जा सके।

---

### स्वच्छता के क्षेत्र में नगर पालिका को सीएम के हाथों मिला विशेष श्रेणी सम्मान



**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर के बहतराई में आयोजित स्वच्छता संगम कार्यक्रम में प्रदेश की 28 नगरीय निकायों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका को विशेष श्रेणी पुरस्कार प्राप्त हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुम लता राजवाड़े ने बताया कि नगर पालिका को स्वच्छता संगम में नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सरगुजा संभाग स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रमुख घटक शिकायत निवारण, डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, स्त्रोत पृथक्करण, अपशिष्ट प्रसंस्करण, दर्शनीय स्वच्छता और नागरिक प्रतिक्रिया के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विशेष श्रेणी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार नगर पालिका अध्यक्ष कुसुम लता राजवाड़े, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभाकर शुक्ला, स्वच्छता सभापति पारस राजवाड़े एवं पीआईयू अजय वर्मा ने प्राप्त किया। नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े नगर पालिका को मिले इस पुरस्कार के प्रति हर्ष जाहिर करते हुए समस्त जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी और नगर के समस्त नागरिकों की सराहना की है।

#### प्रतापपुर को 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय स्तर पर 5वां स्थान

**प्रतापपुर।** बिलासपुर के बहतराई इंडोर स्टेडियम में आयोजित स्वच्छता संगम सम्मान समारोह में प्रतापपुर नगर पंचायत ने पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में प्रतापपुर को 3-स्टार रेटिंग और राष्ट्रीय स्तर पर 5वां स्थान प्राप्त हुआ। यह सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदान किया। यह उपलब्धि विधायक के मार्गदर्शन और मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में संभव हुई। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों का पैर पखारकर सम्मान किया और कहा कि यह सफलता पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। नगर पंचायत प्रतापपुर की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष मानती सिंह ने कहा कि यह सम्मान पूरे प्रतापपुर की मेहनत और जागरूकता का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रतापपुर से नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व टीम सदस्य शामिल हुए।



### खरसोतापारा का ट्रांसफार्मर खराब, विद्युत आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर खरसोतापारा में ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति पिछले कई दिनों से बंद है। बिजली बहाल नहीं होने से ग्रामीणों को तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने खराब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर खरसोतापारा के ग्रामीण मयंक गुप्ता सूर्य प्रकाश गुप्ता विशाल गुप्ता बनारसी सिंह सोमारसाय शिवप्रसाद रामसेवक सिंह व अन्य ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है। जबकि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है जिस कारण बिजली के अभाव में लोगों को रात के अंधेरे में डर बना रहता है। क्षेत्र में बिजली नहीं होने के संबंध में विभागीय अधिकारी को इस बात की सूचना दी गई है लेकिन लाइनमेन सिर्फ ट्रांसफार्मर देख कर चला जाता है। ऐसे में विद्युत विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई पहल नहीं करने से बरसात के इस मौसम में ग्राम वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द बिजली आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर पशुवध गृह रहेंगे बंद

**अम्बिकापुर।** आयुक्त नगर पालिका निगम अम्बिकापुर ने बताया कि स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी के अवसर पर पशुवध गृह बंद रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है कि स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्म अष्टमी पर मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में काउंसलिंग हेतु निर्देश जारी

**बलरामपुर।** रोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थान 2025-26 के लिए पांचवा एवं छठवां चरण की काउंसलिंग होना है। इस संबंध में सहायक संचालक संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण ने बताया है कि प्रदेश में संचालित समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पंचम चरण में पंजीयन 16 अगस्त तक किया जाना है। एनआईसी द्वारा मेरिट सूची का प्रकाशन 17 अगस्त को जारी किया जाएगा। 18 अगस्त से 20 अगस्त तक एनआईसी द्वारा चयन सूची जारी करना व 21 अगस्त से 23 अगस्त तक संस्थाओं द्वारा प्रवेश दिया जाएगा। इसी प्रकार छठवें चरण में पंजीयन 16 अगस्त तक किया जाएगा। 24 से 27 अगस्त तक एनआईसी द्वारा चयन सूची जारी करना व 28 से 29 अगस्त तक संस्थाओं द्वारा प्रवेश लिया जायेगा।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का एक दिवसीय कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय व भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 12 अगस्त को जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में योजना के तहत नागरिकों को सौर ऊर्जा संयंत्र अपने घर की छत पर लगाने के लिए आर्थिक सहायता, सब्सिडी और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। लोगों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को मौके पर ही पंजीयन में भी किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शनार्थ में आयोजित इस कार्यशाला में आम लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि 1 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर केन्द्र सरकार से 30 हजार रूपए व राज्य सरकार द्वारा 15 हजार रूपए, इस प्रकार कुल 45 हजार रूपए, की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होगी, जबकि 2 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर केन्द्र सरकार से 60 हजार रूपए व राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रूपए, इस तरह 90 हजार रूपए की सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होगी, वहीं 3 किलोवाट सोलर पैनल लगाने पर केन्द्र सरकार से 78 हजार रूपए व छग सरकार से 30 हजार इस तरह 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी उपभोक्ता को मिलेगी।

### आदिवासी दिवस पर गोंडवाना समाज ने निकाली रैली

**खड़गवां।** एमसीबी जिले के खड़गवां जनपद पंचायत के ग्राम लकड़ापारा में गोंडवाना समुदाय के युवाओं ने आदिवासी दिवस के अवसर पर भव्य सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। शुरूआत में गांव में बड़ादेव का पेन पूजा स्थापना की गई, इसके बाद लकड़ापारा से गिद्धमुड़ी व शिवपुर तक गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली गई। इस दौरान युवाओं ने देखो-देखो कौन आया, गोंडवाना का शेर आया के नारे लगाए। कार्यक्रम में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्टीय महामंत्री डॉ.एलएस उदय ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य का 1700 वर्षों का गौरवशाली इतिहास देश के इतिहासकारों ने नहीं लिखा और न ही नेताओं ने पृथक गोंडवाना राज्य की मांग को आगे बढ़ाया। उन्होंने गोंडी भाषा और संस्कृति से दूरी पर चिंता जताते हुए शराबमुक्त समाज बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शांति और सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले खड़गवां थाना प्रभारी विजय सिंह को मंच पर बुलाकर हल्दी-चावल का तिलक व पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने नशामुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा अपराध और दुर्घटनाओं की जड़ है।

## बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा

# शहर में निकली तिरंगा यात्रा, शामिल हुए जनप्रतिनिधि-अधिकारी




तिरंगा यात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस से पहले बुधवार को शहर में भव्य तिरंगा पद यात्रा निकाली गई। भाजपा सरगुजा के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा शहर में घर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली। इस रैली में सांसद, विधायक के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इसके साथ ही अभियान के तहत जिले व संभाग में भी मंडल स्तर पर घर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में देश भक्ति की अलख जगाने रैली निकाली गई।

**खास बात**

■ जिले भर में हुए आयोजन

भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर मंजूषा भगत एवं अभियान जिला संयोजक ललन प्रताप सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। पद यात्रा अग्रसेन चौक शुरू हुई और जयस्तंभ चौक, सदर रोड, देवीगंज रोड होते हुए घड़ी चौक पर समाप्त हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का प्रतीक नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, बलिदान और स्वाभिमान का गौरवमय चिन्ह है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हर घर पर तिरंगा फहराकर हम देशभक्ति की भावना को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभिमन्यु गुप्ता, फुलेश्वरी सिंह, विनोद हर्ष, मनीष सिंह, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, विजय व्यापारी, श्वेता गुप्ता, ममता तिवारी, मधु चौदाहा, निश्चल प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, निरंजन रॉय, शिवमंगल सिंह, रविकांत उराव, राजकुमार बंसल, आलोक दुबे, अनिल जायसवाल, संजय अग्रवाल, संजय बोडा, विमला सोनी, शशिकांत जायसवाल, प्रियंका गुप्ता, अवधेश सोनकर, दीपक सिंह तोमर, जनमेजय मिश्रा, संजीव वर्मा, सावित्री जायसवाल, सोनु तिग्गा, किरण मिश्रा, किरण गुप्ता, इंदु गुप्ता, प्रियंका चौबे, शालिनी सिंह, नीलम राजवाड़े, दीपक यादव, अजय सोनी, अभिषेक सिंह देव, विद्यानन्द मिश्रा, शरद सिन्हा, मयंक जायसवाल, सिंधु सोनी, अवधेश सोनकर, तजिंदर सिंह बग्गा, सोलू सिंह, दिनेश शुक्ला, अंशुल श्रीवास्तव, अभिमन्यु सहित अन्य मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

बुधवार को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा शहर के मल्टीपरपज स्कूल परिसर से शुरू हुई और महामाया चौक, घड़ी चौक, गांधी चौक होते हुए गांधी स्टेडियम मैदान में सम्पन्न हुई। रास्ते भर देशभक्ति और स्वच्छता के साथ ही भारत माता की जयकारे से गूंजा शहर। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे सहित कलेक्टर, एसएसपी राजेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीएम फागेश सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही गांधी स्टेडियम में बच्चों द्वारा तिरंगा अभियान के तहत जय हिन्द की मानव श्रृंखला बनाई।



## कुन्नी मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**लखनपुर।** विकासखंड के कुन्नी मंडल द्वारा विधायक लुंड्रा के नेतृत्व में तिर्गंना यात्रा निकाली गई। 13 अगस्त की दोपहर 2 बजे से भाजपा कुन्नी मंडल प्रभारी राधेश्याम सिंह ठाकुर के नेतृत्व तिरंगा यात्रा ग्राम कटिंदा से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर लखनपुर, बेलदगी, चादों, अमदला, तुरना, इरगवा, अमलभीट्ठी, सलका होते हुए सिंगीटाना में समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त को प्रत्येक घरों में तिरंगा फहराया जाने का आग्रह किया है। इस तिरंगा यात्रा में जिला मंत्री राधे श्याम सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रवि महंत, महामंत्री विक्रम सिंह, अजीत सिंह, चंद्रिका प्रसाद यादव, आदित्य प्रजापति, आरकेश यादव, बनवारी राम, सुरेश, भावना सिंह, अजय सोनी अयोध्या प्रसाद, भईया लाल, कपिल राजवाड़े, प्रवीण, पारसु राजवाड़े, सत्यनारायण, लालू, लक्ष्मण, राकेश आदि मौजूद थे।

### तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय भावना जगाने और युवाओं में देशभक्ति संचार करने का दिया संदेश



**केदमा।** ब्लॉक मुख्यालय उदयपुर में भाजपा मंडल देवगढ़ और रामगढ़ अध्यक्ष के अगुवाई में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व विधायक राजेश अग्रवाल व राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने किया। तिरंगा यात्रा उदयपुर जनपद पंचायत मुख्यालय से प्रारंभ होकर मेन मार्केट होते हुए रेस्ट हाउस तक निकाला गया। इस बीच हाईवे की एक ओर दो पहिया अन्य भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया था। तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवगढ़ अखंड विधायक सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगढ़ प्रबोध सिंह, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, संतोष जायसवाल, मनीष बंसल, कमलेश जायसवाल,बृजेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य राधा रवि, कल्पना भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तिरंगा झंडा लिए वन्दे मातरम् व भारत माता की जय जयकार लगाते हुए यात्रा किया। इस दौरान हल्की बारिश भी हुई लेकिन यात्रा की क्रम बनाए रखे। तिरंगा यात्रा में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं अन्य ग्रामीण भारी संख्या में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा सरकार जन-जन तक राष्ट्रभक्ति जगाने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रही है इसमें बढ़-चढ़कर लोगों को भाग लेना चाहिए। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के साथ लोगों में राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने और युवाओं में देशभक्ति संचार करना है।

# ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक के पीछे टकराकर क्षतिग्रस्त हुई कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के बस स्टैंड स्थित फल बाजार के सामने सीमेंट पोल लोड ट्रक के पीछे कार टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना बुधवार की दोपहर 3 बजे की है जिसका मुख्य कारण ट्रक को ओवरटेक कर साइड से आगे निकलने की जल्दबाजी करना बताया जा रहा है।

■ गति कम होने से बाल बाल बचे कार सवार महिला व बच्चे

प्राप्त जानकारी अनुसार अशोक लिलैंड ट्रक क्रमांक एपी 31ई एल 0683 का चालक अवध राम ग्राम जमदेई से सीमेंट के पोल लोड कर सूरजपुर की तरफ जा रहा था,इसी प्रकार मारुति स्विफ्ट डिजायर क्रमांक जेएच 09वी 7304 का चालक मो इस्लाम अपने परिवार समेत रघुनाथपुर से नारायणपुर जा रहा था,इस दौरान बस स्टैंड बिश्रामपुर पहुंचने पर साइड से ओवरटेक करने के चक्क्कर में स्विफ्ट कार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई जिससे कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया,कार की गति धीमे होने के कारण भीतर बैठे महिला व तीन बच्चों में कोई आहत नहीं हूआ,घटना से एनएच रोड बस स्टैंड पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया,सूचना पर मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस व यातायात के जवानों ने आवागमन बहाल कराया, समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने बिश्रामपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया है।



# कलेक्टर के बाद अब कमिश्नर का दरवाजा खटखटाएंगे वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गोधनपुर फुण्डुरडिहारी की जमीनों पर लगे स्टे को निरस्त कराने क्षेत्रवासी फिर से लामबंद होने शुरू हो गए है। बीती रात स्टे से प्रभावित लोगों की बड़ी बैठक हुई जिसमें आगे की रणनीति पर लंबी चर्चा हुई और ठोस निर्णय लिए गए।

बैठक में लोगों द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा गया कि क्षेत्रवासी पिछले 50, 60 वर्षो से छोटे-छोटे भूखण्डों को लोन लेकर अथवा अपने जीवन की गाढ़ी कमाई खर्च कर, शासन को निर्धारित रजिस्ट्री शुल्क अदा कर अपने नाम मकान, दुकान, व्यवसाय सहित निवास कर जीवन यापन कर रहे है। इसी बीच वर्ष 2014 में कुछ लोगों की शिकायत पर राजस्व मंडल द्वारा निर्धारित खसरा मंडल की भूमि का पट्टा शून्यवत शासकीय मद में दर्द करने का आदेश दिया गया था। उक्त विवाद में वार्डवासियों का कोई लेना देना नहीं है इसके बावजूद कदिन संजय लकड़ा नामक एक व्यक्ति जिससे हर कोई अनभिज्ञ है की शिकायत पर तात्कालीन कलेक्टर द्वारा वार्ड की भी समस्त भूमि पर खरीदी-बिक्री निर्माण आदि पर रोक लगा दिया गया। स्टे को लगे आज 11 वर्ष हो गए और इस आदेश की वजह से क्षेत्र में रहने वाले तरकरीब 15 हजार लोग आज अधर में लटके हुए हैं। इससे तक आकर वार्ड के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा था किंतु आज लगभग महीने भर में कोई कार्रवाई न होने पर कमिश्नर सरगुजा को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हर बड़े राजनैतिक नेता को ज्ञापन सौंप कर इस मुद्दे पर समर्थन मांगा जाएगा। 11 जुलाई की शाम गोधनपुर स्थित एक सभागार में बड़ी संख्या में पीड़ितों की बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में पार्षद शिवमंगल सिंह, हेमंत सिन्हा, डॉ. लालचंद यादव, अनिल सिंह, अजय जायसवाल, पूर्व पार्षद प्रेमानंद तिग्गा, गणेश राम, शिव गुप्ता, चंदू विश्वकर्मा, राधे यादव, अशोक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



# विश्व अंगदान दिवस पर सरगुजा से उठी मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने "रक्तदान महादान-अंगदान जीवनदान अभियान के अंतर्गत अंगदान एवं देहदान के प्रति जन-जागरूकता का एक सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित संकल्प अभियान में कई लोगों ने जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य में भागीदारी करते हुए अंगदान एवं देहदान संकल्प पत्र भरे।

■ देहदान के लिए भरा संकल्प पत्र

अमनप्रीत सिद्धू ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंहदेव से प्रेरित होकर अंगदान का संकल्प लिया। वहीं चतुर्वेदी परिवार से सुजीत चतुर्वेदी, उनकी पत्नी डॉ. इति चतुर्वेदी, पुत्री मृणालिनी चतुर्वेदी एवं पुत्र वेदान्त चतुर्वेदी ने एक साथ देहदान का संकल्प लेकर समाज में सेवा और त्याग की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की। इसके साथ ही शशि दुबे ने अपने पिता स्व. डॉक्टर भागीरथी गौराहा से प्रेरणा लेते हुए देहदान का संकल्प पत्र भरा। उल्लेखनीय है कि डॉ. गौराहा ने वर्ष 2024 में अपना देहदान राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज, अंबिकापुर में किया था, जिससे अनेक चिकित्सा छात्रों को शिक्षा एवं अनुसंधान में अमूल्य योगदान मिला। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि अंगदान और देहदान केवल दान नहीं यह जीवन का उपहार है। एक व्यक्ति का यह निर्णय कई घरों में रोशनी और उम्मीद जगा सकता है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा ने इस अवसर पर सभी नागरिकों से आह्वान है कि वे अंगदान एवं देहदान के महत्त्व को समझें और इस संकल्प को अपनाकर मानवता की सेवा में योगदान दें।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# आकाशीय बिजली के कारण एक दर्जन से अधिक इन्सुलेटर फटे, विद्युत सप्लाई हुई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को गरज चमक के साथ हुई मुसलाधार बारिश के आधे शहर को अंधेरे में डुबो दिया था। बारिश के दौरान हुए वज्रपात के कारण एक दर्ज से अधिक स्थानों पर इन्सुलेटर उड़ने और तार टूटने की घटनाएं हुई। आकाशीय बिजली के गिरने के कारण गोधानपुर क्षेत्र में रातभर विद्युत आपूर्ति बाधित रही जबकि शहर के कई हिस्सों में भी देर रात तक विद्युत सप्लाई नहीं हो पाई। बता दें कि मंगलवार की देर रात 9.30 बजे के बाद अचानक ही गरज चमक के साथ मुसलाधार बारिश शुरू हो गई थी। इस दौरान लगातार बिजली गिरने की घटनाएं भी होती रही। मुसलाधार बारिश रात 11 बजे तक जारी रही। इस दौरान मौसम विभाग द्वारा 45.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बारिश के दौरान शहर के नाले और नालियां भर गई और गंदा पानी सड़क पर ओवर फ्लो होकर बहने लगा।

■ गोधनपुर में रात भर नहीं आई बिजली,



इसके साथ ही बारिश का पानी निचले इलाकों में लोगों के घरों तक में घुस गया जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रात 11 बजे तक हुई मुसलाधार बारिश के दौरान पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। बारिश बंद होने के बाद 12 बजे के बाद क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई जबकि शहर के देवीगंज रोड, मिशन चोक, जोड़ा पीपल क्षेत्र में रात दो बजे के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू की जा सकी जबकि गोधनपुर क्षेत्र में पूरी रात विद्युत सप्लाई बंद थी। विद्युत विभाग के अनुसार रात बिजली गिरने के दौरान गोधानपुर क्षेत्र में सर्वाधिक 13 इन्सुलेटर फट गए जबकि 3 स्थानों पर तार टूट गया था। शहर में भी जगह जगह इन्सुलेटर फटने की घटनाएं हुई। विभाग को विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए रातभर मशक्कत करनी पड़ी। इसके साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से ननि आयुक्त बंगला के समीप लगा ट्रांसफार्मर भी जल गया था। विभाग द्वारा बुधवार की दोपहर तक ट्रांसफार्मर बदलने का काम किया गया।




